2520487, 252
2527282, 2523378

# महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
# MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

पत्रांक : रू.वि./कु.स.का./ऑ.प्र./2020/ 140-147 दिनांक : 12.09.2020

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
एम.जे.पी. रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली।

**विषय :- सत्र 2020-21 में संस्थागत प्रवेश हेतु ऑनलाईन पंजीकरण के सम्वन्ध में संशोधन,**

महोदय/महोदया,

महाविद्यालयों में स्नातक स्तर पर प्रवेश हेतु विश्वविद्यालय पोर्टल पर ऑनलाईन पंजीकरण की अन्तिम तिथि दिनांक 28.08.2020 एवं मेरिट के आधार पर स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों में प्रवेश सुनिश्चित करने की अन्तिम तिथि 12.09.2020 निर्धारित की गयी थी। परन्तु दिनांक 11.09.2020 तक महाविद्यालयों में स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों में हुये प्रवेश से यह स्पष्ट है कि प्रथम चरण की प्रवेश प्रक्रिया सम्पन्न होने के पश्चात् भी महाविद्यालयों में अधिकांशतः सीटें रिक्त रह जायेगीं। उक्त के आधार पर एवं महाविद्यालयों के अनुरोध को दृष्टिगत रखते हुये सम्यक् विचारोपरान्त दिनांक 28.08.2020 तक स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों में पंजीकृत अभ्यर्थियों को मेरिट के आधार पर प्रवेश हेतु पूर्व निर्धारित अन्तिम तिथि 12.09.2020 को दिनांक 15.09.2020 तक विस्तारित किया जाता है।

उक्त के साथ ही स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों में रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु ऑनलाईन पंजीकरण एवं प्रवेश प्रक्रिया को निम्नानुसार पुनः प्रारम्भ किया जा रहा है। द्वितीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया में पूर्व में प्रवेश से वांछित एवं नवीन पंजीकृत छात्र अपने इच्छित महाविद्यालय में सीटें रिक्त होने की दशा में प्रवेश ले सकेगें।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों में दिनांक 28.08.2020 तक पंजीकृत छात्रों के मेरिट के आधार पर प्रवेश की अन्तिम तिथि | : | 15.09.2020 |
| 2. | स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों में पुनः ऑनलाईन पंजीकरण प्रारम्भ की तिथि | : | 13.09.2020 |
| 3. | स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों में पंजीकरण की अन्तिम तिथि | : | 22.09.2020 |
| 4. | स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों में द्वितीय चरण के प्रवेश सुनिश्चित करने की प्रारम्भिक तिथि (विश्वविद्यालय प्रवेश नियमावली के अनुरूप) | : | 23.09.2020 |
| 5. | स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों में द्वितीय चरण के प्रवेश सुनिश्चित करने की अन्तिम तिथि (विश्वविद्यालय प्रवेश नियमावली के अनुरूप) | : | 30.09.2020 |
| 6. | स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों में किये गये प्रवेश में संशोधन की तिथि | : | 01.10.2020 से 05.10.2020 |

साथ ही यह भी सूच्य है कि :-

शेष पृष्ठ 02 पर....

1. उक्त पुनः पंजीकरण की अवधि में ऐसे इच्छुक अभ्यर्थी जिन्होनें पूर्व में पंजीकरण पूर्ण नहीं किया था, वह अपने पंजीकरण पूर्ण कर इच्छित महाविद्यालय में सीटों की रिक्तता के आधार पर प्रवेश सुनिश्चित करा सकते हैं।
2. ऐसे अभ्यर्थी जिनका पंजीकरण उनके द्वारा पंजीकरण कराते समय की गयी त्रुटि के कारण निरस्त हो गया है वह निर्धारित प्रक्रियान्तर्गत पुनः पंजीकरण करा सकते हैं।
3. ऐसे अभ्यर्थी जिन्होनें बी.एस.सी. (नर्सिंग) में पंजीकरण करा दिया है किन्तु प्रवेश किसी अन्य पाठ्यक्रम में चाहते थे, अपना आवेदन पत्र निरस्त कराकर पुनः नवीन पंजीकरण कर प्रवेश ले सकते हैं।

Pandey

डॉ. (सुनीता पाण्डेय)
कुलसचिव

प्रतिलिपि :-

1. प्रो. एस. के. पाण्डेय, समन्वयक, ऑनलाईन प्रवेश समिति (2020)।
2. डॉ. अमित सिंह, मीडिया प्रभारी, एम.जे.पी. रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
3. प्रबन्धक (प्रणाली), यू.पी. डेस्को, लखनऊ।
4. प्रभारी, विश्वविद्यालय बेवसाइट।
5. निजी सचिव, कुलपति।
6. वै.सहा., कुलसचिव।

कुलसचिव